Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6206	06.07.2021	07.07.2021	Moga Punjab	www.jagran.com/Hindi https://www.jagran.com/punjab/moga-daily-ten-patients-of-hepatitis-c-came-in-civil-hospital-21805671.html
Title:	**Daily ten patients of hepatitis-c came in civil hospital in district Moga, Punjab**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Moga, SSU- Punjab			

सिविल अस्पताल में रोजाना काला पीलिया के 10 केस आ रहे सामने

कोरोना महामारी के बीच सरकारी अस्पताल में काला पीलिया (हेपेटाइटिस सी) के केस बढ़ने लगे हैं। सिविल अस्पताल में रोजाना काला पीलिया के औसतन 10 मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन की ओर से इन मरीजों के उपचार के लिए मुकम्मल प्रबंध किए गए हैं। मरीज की जांच के साथ फ्री में सभी टेस्ट किए जा रहे हैं।

2016 में शुरू हुआ था हेपेटाइटिस सी रिलीफ फंड

वर्ष 2016 में अकाली-भाजपा सरकार की ओर से हेपेटाइटिस सी रिलीफ फंड की शुरुआत की गई थी। यह योजना अब मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत एक मरीज पर सरकार का 35 से 50 हजार का खर्च होता है। अब तक मोगा सिविल अस्पताल में 8398 मरीजों की रजिस्ट्रेशन हो चुकी है और इनमें से 5500 मरीज दवा का कोर्स पूरा करके ठीक को चुके हैं।

कोरोना काल में बंद रही ओपीडी

डाक्टर साहिल गुप्ता ने बताया कि कोरोना काल में ओपीडी बंद होने के चलते मरीजों की संख्या कम थी। मगर अब अन्य बीमारियों के मरीजों भी नियमित रूप से उपचार करवाने के लिए अस्पताल आ रहे हैं। जिनमें करीब दस लोग ऐसे होते हैं जिनमें काला पीलिया के लक्षण होते हैं। चेकअप के बाद उनका सही तरीके से उपचार किया जाता है। फ्री टेस्ट की है सुविधा उपलब्ध

डाक्टर साहिल गुप्ता ने बताया कि पंजाब सरकार की ओर से हेपेटाइटिस सी के उपचार के लिए मरीजों को जहां फ्री में दवाई देने की योजना शुरू की गई थी। वहीं अब हेपेटाइटिस सी की बीमारी का पता लगाने के लिए फ्री टेस्ट की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय अस्पताल में काला पीलिया का उपचार फ्री में उपलब्ध है। लोग सरकारी सुविधाओं का फायदा उठाएं।

हेपेटाइटिस फैलने का कारण

डा. साहिल गुप्ता का कहना है कि हेपेटाइटिस बी दूषित पानी पीने, गंदगी, संक्रमित रक्त चढ़ाने, एक ही सीरिज को बार-बार इस्तेमाल करने और आप्राकृतिक यौन संबंध बनाने से भी फैलता है। बीमारी के लक्षण कुछ लोगों में हेपेटाइटिस-सी इंजेक्शन के जरिये ड्रग लेने पर, डोनेट किए गए असुरक्षित खून से और टैटू बनवाने से फैलता है।

--

नियमित तौर पर करें व्यायाम

हेपेटाइटिस सी होने पर या हेपेटाइटिस के लक्षण महसूस होने पर यह बहुत जरूरी है कि नियमित व्यायाम के साथ आहार पर बहुत ध्यान दें। शरीर के लिए जरूरी पोषण लीवर को सुचारू रूप से काम करने में उसकी मदद करता है। हर रोज व्यायाम करने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से से फिट रहते हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!